TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

01 सितंबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

बीता हुआ कल आज की स्मृति है और

आने वाला कल आज का स्वप्न है।

खलील जिब्रान



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष


1 सितंबर

**मधु प्रिया**

## भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना 1 सितंबर

1 सितंबर 1956 में लाइफ इंश्योरेंस कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया की स्थापना हुई, जिसका उद्देश था, जीवन बीमा को बड़े पैमाने पर फैलाना, खास तौर पर गाँव में, ताकि भारत के हर नागरिक को पर्याप्त आर्थिक सहायता उचित दरों पर उपलब्ध करवाई जा सके। एलआईसी ऑफ इंडिया का मतलब है, जीवन बीमा निगम इनमें से सबसे बड़ा है। बीमा कंपनी भारत में और एक राज्य के स्वामित्व वाला बीमा समूह है। कंपनी का मुख्यालय मुंबई में है। जीवन बीमा निगम नाम भारत में बीमा का पर्याय बन गया है। कंपनी की स्थापना 1956 में हुई थी जब भारतीय संसद ने भारतीय जीवन बीमा अधिनियम पारित किया था। कंपनी भारत में तत्कालीन कार्यात्मक 245 निजी बीमा कंपनियों के एकीकरण का परिणाम थी। एलआईसी योजनाएं बहुत विविध हैंश्रेणी अपने पॉलिसीधारकों की जरूरतों को पूरा करना। कंपनी की अनुमानित संपत्ति मूल्य 15 लाख करोड़ से अधिक है और 2000 से अधिक शाखाओं और 13 लाख से अधिक सक्रिय एलआईसी एजेंटों के एक अद्वितीय नेटवर्क के साथ है। श्री डी. के. मेहरोत्रा ने भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष का वर्तमान कार्यभार संभाला |भारत में जीवन बीमा की शुरुआत 100 वर्ष पहले हुई थी। हमारे देश में, जो दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाले देशों में से एक है, बीमा की प्रमुखता को उतना व्यापक रूप से नहीं समझा जाता है, जितना समझा जाना चाहिए।

# जयंती विशेष 01 सितंबर




**राही मासूम रज़ा** *Rahi Masoom Raza*, जन्म: 1 सितंबर, 1927, ग़ाज़ीपुर; निधन: 15 मार्च, 1992, मुंबई) बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी एवं प्रसिद्ध साहित्यकार थे। बी. आर. चोपड़ा द्वारा निर्मित प्रसिद्ध टीवी सीरियल **महाभारत** की पटकथा भी उन्होंने लिखी थी और 1979 में 'मैं तुलसी तेरे आँगन की' फ़िल्म के लिए **फ़िल्म फ़ेयर सर्वश्रेष्ठ संवाद पुरस्कार** भी जीता। उर्दू शायरी से अपनी रचना यात्रा आरंभ करने वाले राही मासूम रज़ा ने पहली कृति 'छोटे आदमी की बड़ी कहानी' लिखी थी, जो 1965 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए वीर अब्दुल हमीद की जीवनी पर आधारित है।

# प्लास्टर ऑफ पेरिस

- सामान्य नाम : प्लास्टर ऑफ पेरिस
- रासायनिक नाम : कैल्शियम सल्फेट हेमिहाइड्रेट
- रासायनिक सूत्र : $CaSO_4.\frac{1}{2}H_2O$

## निर्माण की विधि :

## जिप्सम का सूत्र : $CaSO_4.2H_2O$

जिप्सम को 373 K पर गर्म करने पर यह जल के अणुओं का त्याग कर कैल्शियम सल्फेट हेमिहाइड्रेट बनाता है । इसे प्लास्टर ऑफ पेरिस कहते हैं।

## उपयोग :

1. टूटी हुई हड्डियों को सही जगह पर स्थिर रखने में
2. खिलौना बनाने में, सजावट का सामान बनाने में
3. सतह को चिकना बनाने में

राजेश कुमार सिंह

# महत्तम समापवर्तक (HCF)

## म.स. निकालने की विधि

### 1. भाग विधि द्वारा म.स. निकालना

जैसे- 32तथा 56का म.स.-

```
32) 56 ( 1
    32
    ---
    24) 32 (1
        24
        ---
         8) 24 (3
            24
            ---
             ×
```

अतः अभीष्ट म.स.=8

Anu Priya, Science Teacher

# TOB खेल कॉर्नर

## दलीप ट्रॉफी फैक्ट्स

**1961** से अब तक 61 बार दलीप ट्रॉफी खेली जा चुकी है




**55** बार दलीप ट्रॉफी का आयोजन जोनल फॉर्मेट में हुआ है



**2002** में जोन की जगह रणजी ट्रॉफी ग्रुपों से टीमें बनाई गई थी



**2016** से 2020 तक इंडिया रेड, ब्लू और ग्रीन की टीमों ने हिस्सा लिया



**2016** दलीप ट्रॉफी में पिंक बॉल से डे-नाइट मैच कराए गए

**2024** में इंडिया ए, बी, सी और डी की टीमों ने हिस्सा लिया था

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 01.09.2025

## समावेशी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य

समावेशी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य समाज के हर बच्चे को, चाहे उसकी क्षमताएँ या पृष्ठभूमि कुछ भी हो, एक ही कक्षा में शिक्षा के समान अवसर प्रदान करना है। इसके अन्य उद्देश्यों में सभी बच्चों के लिए समान शैक्षिक अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करना, उन्हें सीखने की प्रक्रिया में पूरी तरह से भाग लेने के लिए सक्षम बनाना और समाज में सामाजिक समानता को बढ़ावा देना शामिल है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




भारत के श्रिधर चिल्लाल ने अपने नाखून पूरे 66 साल तक नहीं का:टे। उनका दाहिने हाथ का नाखून ही लगभग 9 मीटर लंबा हो गया था। चलने-फिरने और काम करने में उन्हें बहुत मुश्किल होती थी, लेकिन उन्होंने इसे "रिकॉर्ड" बनाने के लिए बढ़ाया। बाद में गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने के बाद उन्होंने अस्पताल में जाकर अपने नाखून क:टवाए।



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां

### सहजन



मुझमें vit. A, B-1,B-2,B-3,B-5,B-6,B-9 और Vit. C पाया जाता है। मुझमें आयरन, पोटैशियम, पानी, डाइटरी फाइबर, प्रोटीन, सोडियम, कार्बोहाइड्रेट, फास्फोरस और ज़िंक जैसे प्रमुख तत्व पाए जाते हैं।

Anu priya

Teachers of Bihar
The change makers

English TLM

# Homophones

Flour




आटा

Flower



फूल

www.teachersofbihar.org.in

Anupriya

# पद्य पंकज


"

विचित्र तू मैं हूं रेखा क्रम,
मधुर राग तू मैं स्वर संगम,
तू असीम मैं सीमा का भ्रम,
काया-छाया में रहस्यमय,
प्रेयसी, प्रियतम का अभिनय क्या?
तुम मुझमें प्रिय, फिर परिचय क्या?

**महादेवी वर्मा**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पद्म भूषण से सम्मानित
फादर कामिल बुल्के
की जयंती पर सादर नमन।
1 सितंबर 1909-17 अगस्त 1982
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


LIC
भारतीय जीवन बीमा
निगम स्थापना दिवस
1 सितंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
समस्त बीमाकर्ताओं एवं बीमा कर्मियों को
भारतीय जीवन बीमा निगम
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya